




## चीन से वापस लेंगे जमीन, फ्री बिजली से लेकर मुफ्त इलाज

### दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने देश को दी 10 गारंटी



**नई दिल्ली। एजेंसी।** तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार पीएम मोदी पर हमलावर हैं। रविवार को एक बार फिर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इसी के साथ केजरीवाल ने देश को 10 गारंटियां दी। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में महंगाई कम करने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं लेकिन आजतक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। वहीं मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल की गारंटी दी थी, जो मैंने पूरी की। केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली मुफ्त करने की गांरटी दी, स्कूल शानदार की गारंटी दी, मोहल्ला क्लिनिक खोलने का वादा किया। हमने वो सब किया जिसकी हमने गारंटी दी थी। पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, वो भी नहीं पता क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं। केजरीवाल की गारंटी केजरीवाल पूरा करेंगे।

### राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर कसा तंज, कांग्रेस जाति जनगणना के जरिये देश का 'एक्स-रे' करेगी

## हम करेंगे जातिगत गिनती, वो गिनते रहें नोट

**नई दिल्ली। एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी जाति आधारित जनगणना के जरिये देश का 'एक्स-रे' करेगी। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे टेम्पो वाले अरबपतियों से मिले 'नोटों को गिन' रही है तब उनकी पार्टी समानता सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोदी की उन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेम्पो में



भरकर नकदी प्राप्त हो रही है। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वे पिछले 10 सालों से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोट गिन' रहे हैं। हम 'जाति आधारित जनगणना' के माध्यम से देश का 'एक्स-रे' करेंगे और हर वर्ग के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे।' उन्होंने पार्टी का एक विज्ञापन भी साझा किया जो जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर सरकार पर हमला करता है।

### पीएम सामाजिक-आर्थिक जनगणन पर विचार साझा करें

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से सामाजिक-आर्थिक जनगणना पर अपने विचार साझा करने के लिए भी कहा है। पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जातियों-उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आकलन के लिए देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति आधारित जनगणना कराने का वादा किया है।

### पीएम मोदी ने देश की पूरी संपत्ति चार-पांच अमीरों को दे दी : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए उन पर देश की पूरी संपत्ति चार-पांच अमीर लोगों को देने का आरोप लगाया। रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे अपने भाई एवं कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए वाड्रा ने कहा, नरेन्द्र मोदी पिछले 10 वर्षों से वाराणसी से सांसद हैं। उन्होंने वहां किसी भी गांव का दौरा नहीं किया है या किसी किसान से नहीं पूछा है कि वह कैसा है।' उन्होंने निजीकरण को लेकर प्रधानमंत्री पर हमला बोला। वाड्रा ने कहा कि निजीकरण अपने आप में बुरा नहीं है, लेकिन अगर प्रधानमंत्री देश की पूरी संपत्ति चार-पांच अमीर लोगों को दे देते हैं, तो यह सही नहीं है। वाड्रा ने आरोप लगाया कि आज देश का कोयला, बिजली, बंदरगाह, हवाई अड्डे सब प्रधानमंत्री के मित्रों के हैं।

## न्यूज डायरी



### मुख्यमंत्री योगी ने काल भैरव व काशी विश्वनाथ मंदिर में लिया आशीर्वाद

**वाराणसी। ए।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पहले काशी के कोतवाल कहे जाने वाले बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आशीर्वाद लिया। एक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रविवार को काशी दौरे का दूसरा दिन था। शनिवार शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती में शामिल हुए थे।

### जनता का गुस्सा भाजपा के खिलाफ बढ़ रहा है : अखिलेश यादव

**बाराबंकी। ए।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया जनता का गुस्सा भाजपा के खिलाफ बढ़ रहा है और सातवें चरण के चुनाव में जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखाई देगा। यहां बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ता जा रहा है, जनता का गुस्सा भी भाजपा के खिलाफ बढ़ता चला जा रहा है।

### कश्मीर के मतदाता एनसी और पीडीपी के वर्चस्व को समाप्त कर देंगे : भाजपा

**नयी दिल्ली। ए।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही कश्मीर की तीन लोकसभा सीट में से किसी पर भी चुनाव नहीं लड़ रही हो लेकिन पार्टी को भरोसा है कि घाटी के मतदाता इस चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के वर्चस्व को समाप्त कर देंगे।

### भाजपा कर रही 'जुमलेबाजी' का इस्तेमाल : कांग्रेस विधायक

**अंबाला। ए।** कांग्रेस विधायक और लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के अंबाला से उम्मीदवार वरुण चौधरी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों के असल मुद्दों के बारे में बात नहीं कर रही है और उनसे ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

## लोस चुनाव : चौथे चरण में दांव पर कांग्रेस की विरासत

### पिछले तीन चुनावों में भाजपा का जनाधार चार गुना से भी अधिक बढ़ा

**नई दिल्ली। एजेंसी।**

चौथे चरण में होने वाले 96 लोकसभा सीटों के मतदान में इस बार विरासत बचाने का सियासी दलों पर बड़ा दारोमदार है। दरअसल जिन 96 सीटों पर चुनाव होना है, वह कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थीं लेकिन बीते तीन लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चार गुना से ज्यादा सीटों पर कब्जा कर अपना दबदबा बना लिया है। जबकि इन्हीं तीन चुनावों में कांग्रेस अपने गढ़ में अर्श से फर्श पर पहुंच गई। केंद्रीय चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि तीन चुनावों में कांग्रेस 50 सीटों से सिमट कर छह सीटों पर आ गई। सियासी जानकारों का मानना है कि चौथे चरण का यह मतदान क्षेत्रीय दलों की सियासत में विरासत बचाने की बड़ी परीक्षा भी है। इसमें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से लेकर उत्तर प्रदेश समेत बिहार के सियासी दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

### भाजपा ने कब्जाई कांग्रेस की जमीन

चुनावी आंकड़े बताते हैं कि इन तीन चुनावों में जैसे-जैसे कांग्रेस का ग्राफ गिरता रहा वैसे-वैसे ही भाजपा ऊपर उठती रही। केंद्रीय चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2009 में भारतीय जनता पार्टी ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी महज दस सीटों पर ही चुनाव जीत सकी। जबकि 2014 में भारतीय जनता पार्टी इतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ी और 38 सीटों पर जीत हासिल की। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने 2019 में इन 89 सीटों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42 सीटें जीत लीं। आंकड़े बताते हैं कि तीन चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जहां 10 सीटों से चार गुना ज्यादा सीटें जीते हुए 42 के आंकड़े तक पहुंच गई। वहीं कांग्रेस तीन चुनावों में पचास सीटों से सिमट कर छह पर पहुंच गई।



रायबरेली। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को रायबरेली में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति से बातचीत करती हुईं। वाड्रा रविवार को यहां प्रचार के लिए पहुंची थीं।

### कांग्रेस का गढ़ रही हैं ये सीटें

2024 के लोकसभा चुनाव का चौथा चरण सोमवार को होगा। इस दौरान 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर 1718 उम्मीदवार सियासी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। केंद्रीय चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं जिन 10 राज्यों के 96 सीटों पर मतदान होना है, वहां पर 2009 के चुनावों तक कांग्रेस का जलवा कायम था। आंकड़ों के मुताबिक 2009 में कांग्रेस ने इन राज्यों की 85 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में कांग्रेस ने अपने सभी विरोधियों को पछाड़ते हुए 85 में 50 सीटें जीतकर रिकॉर्ड बनाया था लेकिन 2014 में जब चुनाव हुआ, तो इन राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर ऐसे समीकरण बिगड़े, कि कांग्रेस पार्टी 47 सीटें हार गई। 2009 की तुलना में कांग्रेस ने 2014 में मात्र तीन सीटें ही जीती थीं। इसके बाद 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का प्रदर्शन नहीं सुधरा। पार्टी ने 85 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन इस चुनाव में भी पार्टी महज छह सीटें ही जीत सकी।

### चौथे चरण में इन राज्यों में होगा मतदान

चौथे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में 10 राज्यों की 96 सीटों पर सोमवार को मतदान होना है। इसमें आंध्र प्रदेश की 25 सीटें, तेलंगाना 17 सीटें, उत्तर प्रदेश की 13 सीटें, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल की 8 और मध्यप्रदेश की 8 सीटों के साथ साथ उड़ीसा की 4, झारखंड की 4 बिहार की 5 और जम्मू कश्मीर की 1 सीट पर मतदान होना है। जिसमें उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, हैदराबाद से एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी, लखीमपुर खीरी से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से अधीर रंजन चौधरी, पश्चिम बंगाल से ही महुआ मोइत्रा, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा जैसे कई बड़े नाम सियासी मैदान में हैं। जबकि क्षेत्रीय पार्टियों में टीएमसी, समाजवादी पार्टी, जेडीयू और राजद समेत बीआरएस और वाईएसआर जैसी पार्टियां अपने प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए ताकत झोंक रही हैं।

### क्षेत्रीय दलों पर विरासत बचाने का दबाव

राजनीतिक जानकार और वरिष्ठ पत्रकार जीडी राव कहते हैं कि इस चरण में सिर्फ राष्ट्रीय पार्टियों के ग्राफ में तेजी से कमी और बढ़ोतरी तो दर्ज हुई, लेकिन क्षेत्रीय दलों ने भी मजबूत पकड़ बनाई। राव कहते हैं कि 2014 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआर को नौ सीटें मिली थीं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआर 22 सीटें जीतकर लोकसभा में भारी बहुमत से पहुंचे थे। इसी तरह बीआरएस ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 11 सीटें जीती थीं। जबकि 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। वरिष्ठ पत्रकार राव कहते हैं कि लेकिन इस चुनाव में वही नतीजे दोहराना क्षेत्रीय दलों के लिए चुनौती बन रहा है। उनका कहना है कि तेलंगाना में इस बार बीआरएस की बजाय कांग्रेस की सरकार है।

### प्रतापगढ़ जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को आड़े हाथ लिया

## पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह



**कौशांबी (उप्र)। एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है और 'हम उसे लेकर रहेंगे।' कौशांबी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार व सांसद विनोद सोनकर के समर्थन में प्रतापगढ़ जिले में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही। कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में दो विधानसभा क्षेत्र बाबागंज और कुंडा प्रतापगढ़ जिले में पड़ते हैं।

### मणिशंकर अय्यर, फारूख अब्दुल्ला पर कसा तंज

शाह ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला जैसे नेता कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। वायरल हुए एक वीडियो में अय्यर को यह कहते हुए सुना गया था कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है। इस टिप्पणी पर विवाद शुरू होने पर कांग्रेस ने कहा था कि वह कुछ महीने पहले अय्यर द्वारा की गई टिप्पणियों से पूरी तरह असहमत है।

### आंबेडकर का अपमान किया कांग्रेस ने

शाह ने कांग्रेस पर संविधान निर्माता भीम राव आम्बेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि (कांग्रेस की सरकारों ने) उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया। बाबा साहेब (आम्बेडकर) से जुड़े पांच स्थानों को जोड़कर तीर्थ स्थान बनाया। भाजपा नेता ने कौशांबी के मतदाताओं से पार्टी को तीसरी बार जिताने का आह्वान करते हुए कहा कि पहली हैट्रिक मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और दूसरी हैट्रिक उप्र में सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ करना है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके विनोद सोनकर 2014 में पहली बार कौशांबी से सांसद निर्वाचित हुए और दूसरी बार भी उन्होंने अपनी जीत बरकरार रखी। सोनकर को भाजपा ने यहां से तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है। कौशांबी में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।

### राहुल बाबा एटम बम से डरें, हम नहीं डरते

शाह ने कहा कि आज मैं कौशांबी की जनता को पूछने आया हूं कि ये जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर है, वो भारत का है या नहीं है। भीड़ से सकारात्मक जवाब मिलने के साथ ही गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, राहुल बाबा आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरते, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम वो लेकर रहेंगे।

## भाजपा के तीसरे कार्यकाल में दलित आदिवासी बनेंगे गुलाम : खरगे

### महाराष्ट्र में कहा-यह चुनाव देश के भविष्य को आकार देने के लिए



**धुले (महाराष्ट्र)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को तीसरा कार्यकाल दिया गया तो गरीबों, दलितों और आदिवासियों के साथ गुलामों की तरह व्यवहार होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर विदेश से काला धन लाने, हर साल दो करोड़ नौकरियां देने जैसे झूठे वादे करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष ने महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली में कहा, यह चुनाव संविधान बचाने के लिए है और देश के भविष्य को आकार देने वाला है। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 2015 में ही कह दिया था कि संविधान बदला जाना चाहिए। ब्यूरो

### बिहार में की गई खरगे के हेलिकॉप्टर की जांच : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलिकॉप्टर की जांच की गई। चुनाव अधिकारी विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहे हैं। खरगे ने शनिवार को समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में दावा किया कि राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की केरल में जांच की गई थी और अब पार्टी अध्यक्ष के हेलिकॉप्टर की जांच समस्तीपुर में की गई है। वीडियो में एक हेलिकॉप्टर दिखाया गया है जिसके चारों ओर पुलिस सहित अधिकारी मौजूद हैं। राठौड़ ने कहा कि चुनाव आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस नेताओं के हेलिकॉप्टरों की ऐसी जांच नियमित है और क्या एनडीए के शीर्ष नेताओं पर भी इसी तरह की जांच की जा रही है।

## प्रथम पेज के शेष

### प्रदेश की सभी...

सभी जेलों से प्रस्ताव भी आ गए हैं और करीब साढ़े चार हजार कूलर खरीदने की मंजूरी भी जल्द मिलने जा रही है। तेज गर्मी और लू जैसे हालात में जेल की खुली बैरकों में रहना कैदियों के लिए सालों से समस्या है पर किसी ने आज तक इस बारे में सोचा तक नहीं है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कई प्रभावशाली कैदियों को कूलर उपलब्ध कराने का चौतरफा दबाव था। जेल प्रशासन परेशान था, क्योंकि जेल मैन्युअल में बैरकों में ठंडक के लिए कूलर लगाने का कोई प्रावधान ही नहीं है। जेल अफसरों ने आसपास के कई राज्यों में पता लगाया, लेकिन वहां की जेल बैरकों में भी अधिकारिक रूप से कूलर नहीं लगे हैं। जेल में बंद कई विचाराधीन कैदी ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के मामलों में फंसे हैं और ईडी पहले भी ये आरोप लगाती रही है कि जेल में कुछ लोगों को वीवीआईपी सुविधाएं मिल रही हैं। ऐसी सूरत में बिना कानूनी प्रावधान के रायपुर जेल में 30-40 कूलर लगाना अफसरों को भारी पड़ जाता। इसे देखते हुए सुरक्षित रास्ता तलाशा गया। फैसला किया गया है कि सभी जेलों में कूलर खरीदे जाएं। जेल मैन्युअल में सीलिंग फैन का भी प्रावधान नहीं है। कुछ सालों पहले सरकार ने जेल नियमों में इसका प्रावधान किया। अब इस सूची में कूलर जुड़ने जा रहा है। इसी बीच, रायपुर जेल में निरुद्ध एक विचाराधीन कैदी और वरिष्ठ जेल अफसर की एकांत में हुई लंबी मुलाकात की भी काफी चर्चा है।

**बैरकों के बाहर लगेंगे कूलर :** कूलर लगाने का फैसला तो सरकार ने कर लिया है, पर जेल मैन्युअल की वजह से इन कूलरों को लगाया कैसे जाए, इस पर माथापच्ची हो रही है। बैरकों के अंदर कूलर के लिए कोई पावर पाइंट नहीं होते। मैन्युअल में इस बात का साफ प्रावधान है कि बैरकों में लगी जालियों से पूरे वक्त कैदी प्रहरी को दिखने चाहिए। यहां तक कि लोहे की जालियों में कपड़ा भी नहीं लगाया जा सकता। ऐसी सूरत में कूलर को बैरक की जालियों से करीब डेढ़ से पौने दो फीट की दूरी पर रखकर चलाने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ की जेलों में इस वक्त 18 हजार से ज्यादा कैदी हैं, जो 14 हजार की स्वीकृत क्षमता से कहीं ज्यादा है। इसमें रायपुर सेंट्रल जेल की हालत सबसे खराब है, जहां 1586 की क्षमता के विरुद्ध दो महीने पहले तक तीन हजार से ज्यादा कैदी थे।

### असली जूस का दावा..

आईसीएमआर के तहत हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) की ओर से बनाए गए आहार संबंधी दिशा-निर्देशों में यह भी माना गया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की तरफ से कड़े मानदंड लागू किए गए हैं, पर कंपनियां उपभोक्ताओं की आंखों में धूल झोंकने के लिए कई तरकीबें अपनाती रहती हैं। इसमें प्राकृतिक उत्पाद, शुगर-फ्री, कम कैलोरी वाले होने का दावा किया जाना आम बात है। ब्यूरो

**ठीक से पढ़ें लेबल :** आईसीएमआर का कहना है कि उपभोक्ताओं को पैकिंग पर छपी जानकारी ध्यान से पढ़ना चाहिए। किसी उत्पाद में किसी पोषक तत्व के होने का दावा किया गया है, तो यह जरूर देखें कि एक सर्विंग में कितना पोषक तत्व मिल रहा है। किसी उत्पाद के जैविक होने का दावा किया जा रहा है, तो क्या इसे जैविक भारत लोगो से मंजूरी मिली है। कम कैलोरी, उच्च फाइबर, कम वसा का दावा करने वाले उत्पादों में जरूर देखें कि इस्तेमाल सामग्रियां इसकी पुष्टि करती हैं या नहीं।

### पल में सूखी पत्ती...

**भोरमदेव वाइल्डलाइफ सेंचुरी में तितलियों का बसेरा :** छत्तीसगढ़ के सभी वन क्षेत्रों की जैव विविधता कमाल की है। फिर भी भोरमदेव वाइल्डलाइफ सेंचुरी तितलियों की दुर्लभ और सामान्य प्रजातियों के कारण काफी सम्पन्न है। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के अनुसार भोरमदेव वाइल्डलाइफ सेंचुरी में तितलियों की 80 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें कुछ सामान्य और कई दुर्लभ हैं। दुर्लभ प्रजातियों में ऑरेंज ऑकलीफ के अलावा कॉमन मैप, ब्लू मॉरमॉन, बैंडेड पीकॉक जैसी कई तितलियां शामिल हैं।

**लॉकडाउन में आया राष्ट्रीय तितली चुनने का विचार :** देश के तितली विशेषज्ञ पिछले कुछ साल से जंगलों और बागों में रहने वाली तितलियों का सर्वे कर रहे थे। इसी बीच कोरोना के चलते लगे लॉकडाउन के दौरान राष्ट्रीय पक्षी और पुष्प की तरह राष्ट्रीय तितली चुनने का विचार आया। देशभर से आंकड़े एकत्रित करने के बाद तितली विशेषज्ञों ने आंतरिक मतदान के जरिए 7 तितलियों- कृष्णा पीकॉक, कॉमन जेजबेल, ऑरेंज ऑकलीफ, फाइव बार स्वॉर्ड टेल, कॉमन नवाब, यलो गोर्गन और नॉर्दन जंगल क्वीन का चयन किया। इनमें में से एक तितली को वोटिंग के आधार पर राष्ट्रीय तितली घोषित करना था। ध्यान ये रखना था कि तितली बेहद खास हो, खूबसूरत हो और उसकी प्रजाति विलुप्त न हो। इनके आधार पर वर्ष 2020 में देश में राष्ट्रीय तितली चुनने के लिए ऑनलाइन वोटिंग कराई गई। इस वोटिंग के आधार पर तीन तितलियों को का नाम पर्यावरण और वन मंत्रालय के सामने रखा गया।


**जना स्माल फाइनेंस बैंक**
(एक अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय : द फेयर वे, भूतल व प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2 B, ऑफ डोमलूर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के आगे, चल्लाघट्टा, बैंगलोर- 560071, शाखा कार्यालय: मलय हाइट्स, प्रथम तल IDBI बैंक के ऊपर, RBI के सामने, महादेव घाट रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001

**ई-नीलामी सूचना**

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) अधिनियम 2002, सहपठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) विनियम 2002 के नियम 8 (6) व 9 के अंतर्गत ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिये आम सूचना

अधोहस्ताक्षरी ने, जना (JANA) स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न संपत्ति को कब्जे में लिया है. विशेष रूप से कर्जदार को तथा बड़े पैमाने पर आम लोगों को सूचित किया जाता है कि, बैंक के देयकों को चुकता करने के लिये, नीचे उल्लेखित एकाउंट में, गिरवी रखी गई संपत्ति को आनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) "जैसा है, जहां है" तथा "जैसा है, जो है" के आधार पर, वहां नीचे निर्धारित तिथि को होगी.

| अनु क्र. | लोन एकाउंट नंबर | मूल कर्जदार/सह कर्जदार गारंटर का नाम | 13-2 नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि | मौजूदा बकाया राशि इस तिथि को | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | रिजर्व प्राइस INR में | प्रतिभूमि राशि जमा (EMD) INR में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बिड जमा करने की अंतिम तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 45099420000322 | 1. मि. मोहम्द अलीम शेख पिता- वाहिद उल्ला 2. श्रीमती अबिदा अंजुम शेख पति मो. अलीम शेख | 03.07.2023 | 14.12.2023 | रू. 8,69,759.50 (रुपये आठ लाख उनहत्तर हजार सात सौ उनसठ एवं पचास पैसे मात्र) 03.05.2024 की तिथि को | 16.05.2024 09.00 am से 05.30 pm तक | रू. 6,90,000/- (रुपये छः लाख नब्बे हजार मात्र) | रू. 69,000/- (रुपये उनहत्तर हजार मात्र) | 30.05.2024 @11.00 am से 02.00pm तक | 29.05.2024, शाम 05.00 बजे के पूर्व जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, मलय हाइट्स, प्रथम तल IDBI बैंक के उपर, RBI के सामने, महादेव घाट रोड, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492001. |
| संपत्ति विवरण/अनुसूची: प्लाट नं. 217 वाली भूमि का सभी तुकड़ा तथा पार्सल, एरिया का कुल माप- 780 वर्गफीट (72.490 वर्गमीटर), संपूर्ण भूमि खसरा नं. 592/62 (भाग) का हिस्सा, शीट/ ब्लॉक नं. 26, PH नं. 43, RNM सकरी, मौजा घुरु, वार्ड नं. 04, गोकुल नगर वार्ड में स्थित, तहसील- तखतपुर व जिला- बिलासपुर (छ.ग.). सीमाएं- पूर्व- श्रीमती मीना जैन की शेष भूमि, पश्चिम- मि. श्रीवास्तव का मकान, उत्तर- मि. गंगोत्री का मकान तथा दक्षिण- 20फीट रोड. | | | | | | | | | | |
| 2. | 45099420002979 | 1. मि. कमलेश कुमार कैवर्त पिता- कुसुवाराम कैवर्त 2. श्रीमती पुनीता कैवर्त पति कमलेश कैवर्त | 17.10.2023 | 15.02.2024 | रू.18,03,693.10 (रुपये अठारह लाख तीन हजार छः सौ तिरानबे दस पैसे मात्र) 03.05.2024 की तिथि को | 16.05.2024 09.00 A.M. से 05.30 P.M तक | रू. 20,25,000/- (रुपये बीस लाख पचीस हजार मात्र) | रू. 2,02,500/- (रुपये दो लाख दो हजार पांच सौ मात्र) | 15.06.2024 @11.00 A.M से 02.00 P.M तक | 14.06.2024 शाम 05.00 बजे के पूर्व जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, मलय हाइट्स, प्रथम तल IDBI बैंक के उपर, RBI के सामने, महादेव घाट रोड, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492001. |
| संपत्ति विवरण/ अनुसूची : प्लाट नं. 17/1 वाली भूमि का सभी तुकड़ा तथा पार्सल, एरिया का कुल माप-2150 वर्गफीट (199.814 वर्ग मीटर्स), खसरा नं. 594/1 में से, मौजा अमसेना, ब्लाक तखतपुर, P.H. नं. 38, R.N.M. अमसेना, तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)। सीमाएं: पूर्व-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम-निस्तारी रोड, उत्तर-सरदार की जमीन तथा दक्षिण-निस्तारी रोड. | | | | | | | | | | |
| 3. | 45099420003271 | 1. मि. विक्रम सिंह लूनिया पिता कमल सिंह, 2. श्रीमती जमुना लूनिया पति विक्रम सिंह लूनिया | 29.12.2023 | 13.03.2024 | रू. 8,43,761.10 (रुपये आठ लाख तिरालिस हजार सात सौ इकसठ एवं दस पैसे मात्र) 03.05.2024 की तिथि को | 16.05.2024 09.00 am से 05.30pm तक | रू. 7,90,000/- (रुपये सात लाख नब्बे हजार मात्र) | रू. 79,000/- (रुपये उन्यासी हजार मात्र) | 15.06.2024 @11.00 am से 02.00pm तक | 14.06.2024, शाम 05.00 बजे के पूर्व जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड मलय हाइट्स, प्रथम तल IDBI बैंक के उपर, RBI के सामने, महादेव घाट रोड, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492001. |
| संपत्ति विवरण/ अनुसूची : खसरा नं. 1815/2 (भाग) वाली भूमि का सभी हिस्सा तथा पार्सल, एरिया का कुल माप-1050 वर्गफीट (97.583 वर्ग मीटर्स) ग्राम मोपका में स्थित P.H. नं. 19/29, R.N.M. बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)। सीमाएं: पूर्व-20 फीट चौड़ी निस्तारी सड़क, पश्चिम-नाला, उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि तथा दक्षिण-विक्रेता की शेष भूमि। | | | | | | | | | | |

संपत्तियां जैसा है, जहां है, व जो है जैसा है के आधार पर है तथा ई-नीलामी आन लाइन होगी। उपर उल्लेखित संपत्ति की खरीदी से संबंधित समस्त भुगतान जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के पक्ष में होगा। नीलामी, बैंक के अनुमोदित सर्विस प्रोवाइडर मे. 4 क्लोजर, वेब पोर्टल https:// bankauctions.in व www.foreclosureindia.com पर होगी। और अधिक जानकारी तथा विस्तृत विवरण मदद प्रक्रिया तथा ई नीलामी पर आन लाइन प्रशिक्षण के लिये संभावित बिडर्स मे. 4 क्लोजर, संपर्क मि. अरिजित कुमार दास, संपर्क नं. 8142000725 से संपर्क कर सकते हैं, ई-मेल आईडी : info@bankauctions.in/ arijit@bankauctions.in ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिये विस्तृत नियम व शर्तें तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी पूछताछ के लिये कृपया संपर्क करें- जना स्माल फाइनेंस बैंक, आफिसर्स मि. महेन्द्र ब्राम्हणे (मो. नं. 9029290202) व मि. अजय नायक (मो. नं. 9960948687)। प्राधिकृत अधिकारी के बेहतर जानकारी के अनुसार संपत्तियों पर कोई भी अधिभार नहीं है। तथापि इच्छुक बिडर्स अपने बिड जमा करने के पूर्व, रखी गई संपत्ति के अधिभार, टाइटिल के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लें। सशर्त बिड स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यह उपरोक्त नामित कर्जदारों/ गारंटर्स/गिरवीकर्ताओं के लिए, गिरवी रखी गई संपत्तियों के लिये ई-नीलामी अनुसूची के बारे में भी सूचना है. कर्जदार/गारंटर/गिरवीकर्ता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे ऊपर उल्लेखित अनुसार राशि को, तिथि तक ब्याज तथा सहायक खर्चों सहित, नीलामी तिथि के पूर्व भुगतान कर देवें अन्यथा संपत्ति को बेच दिया जायेगा तथा शेष देयक, यदि कोई को ब्याज तथा लागत सहित वसूल किया जायेगा।

दिनांक-13.05.2024, स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

हस्ताक्षरित / प्राधिकृत अधिकारी के लिये जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड